दिन– गुरुवार

दिनांक– 09 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और गठबंधन के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर गतिरोध जारी।

02. छह नवम्बर को एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना। प्रत्याशी सत्रह अक्टूबर तक कर सकेंगे नामांकन।

03. प्रदेश के नये मतदाताओं को आज से डाक के माध्यम से मिलेंगे वोटर कार्ड। पन्द्रह दिनों के भीतर वोटर कार्ड बांटे जाने का लक्ष्य।

04. और, उत्तर बिहार की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के बाद विभिन्न तटबंधों पर दबाव बढ़ा। पश्चिम चम्पारण जिले में कोहड़ा नदी पर गोपीखाड़ बांध दो स्थानों पर क्षतिग्रस्त।

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और गठबंधन के सहयोगियों के बीच टिकट के बंटवारे पर सहमती और असहमति की स्थिति बनी हुई है। एनडीए में भाजपा और जनता दल यूनाइटेड ने अपनी संभावित सीटों पर प्रत्याशियों के नाम को अंतिम रूप दे दिया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट————

नडीए और महागठबंधन दोनों में छोटे घटक दलों की ओर से अधिक सीटों की मांग के कारण प्रेशर पॉलिटिक्स का प्रभाव देखने को मिल रहा है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपनी मांगों के समर्थन में भाजपा को कड़े तेवर दिखाए हैं। चिराग पासवान ने आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए आज अपने संसदीय बोर्ड, सभी प्रकोष्ठ और वरिष्ठ नेताओं की बैठक बुलाई है। श्री पासवान ने कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर अभी कुछ अभी फाइनल नहीं हुआ है और बातचीत चल रही है।

———बाईट–चिराग पासवान———

भाजपा की तरह जनता दल यूनाइटेड ने भी अपने संभावित प्रत्याशियों के नाम पर विचार मंथन के बाद सूची को करीब करीब अंतिम रूप दे दिया है। महागठबंधन में भी सीट बंटवारा पर फैसला नहीं होने के कारण राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और वाम दलों ने अपने–अपने संभावित प्रत्याशियों को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी अभियान चलाने को कहा है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना ।

वहीं, जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने पन्द्रह सीटों की मांग करके मामले को और उलझा दिया है।

———बाईट————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर गठबंधन में कोई टकराव नहीं है और जल्द ही एनडीए द्वारा सीट बंटवारे की घोषणा कर दी जाएगी। एनडीए के घटक दलों की फिर से बैठक होने की संभावना है। वहीं, जदयू में भी उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास  एक बैठक आयोजित होगी। इधर, महागठबंधन में सीपीआई माले, सीपीआई और मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली विकासशील इंसान पार्टी ने अपने कोटे में

अधिक सीट की मांग की है। इसके चलते महागठबंधन में भी सीट बंटवारे को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। इधर, कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने नई दिल्ली आयोजित बैठक में प्रथम चरण के चुनाव की अपनी संभावित सीटों को लेकर उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप दे दिया है। इन उम्मीदवारों को अपने–अपने क्षेत्र में चुनाव की तैयारी में लग जाने को कहा गया है। वहीं, पार्टी के कई वरिष्ठ नेता आज चुनावी मंथन के लिए आज पटना पहुंच रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल ने भी अपने संभावित उम्मीदवारों को विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करने को कहा है।

---

जन सुराज पार्टी आज अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करेगी। जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर ने बताया कि इस सूची में सौ प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। इधर, जन सुराज ने चुनाव को लेकर क्राउड फंडिंग की भी शुरूआत की है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि एनडीए विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बिहार की जनता की सेवा में निरंतर लगी हुई है।

–––बाइट–––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर कोई विवाद नहीं है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि सौहार्दपूर्ण तरीके से घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा किया जा रहा है।

–––बाईट–––

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि इस बार जनता बदलाव चाहती है। इसके लिए उनकी पार्टी पूरी तरह प्रयासरत है।

–––बाईट–––

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण में एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों के लिए अधिसूचना कल जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रत्याशी सत्रह अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकते

हैं। अठारह अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार बीस अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण का मतदान छह अक्टूबर को होगा। वहीं, दूसरे चरण के तहत एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों के लिए अधिसूचना तेरह अक्टूबर को जारी होगी।

---

प्रदेश के नये मतदाताओं को आज से वोटर कार्ड उपलब्ध कराये जायेंगे। निर्वाचन आयोग ने पन्द्रह दिनों के अंदर सभी पात्र मतदाताओं को नया कार्ड उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वहीं, संशोधित वोटर कार्ड का भी वितरण किया जायेगा। इसके लिए डाक विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। आयोग ने बताया कि जिन मतदाताओं के आवासीय पते पर वोटर कार्ड नहीं पहुंचता है तो उनका वोटर कार्ड बूथ लेवल ऑफिसर, बीएलओ के पास लौट आयेगा। इसके बाद बीएलओ के जरिये संबंधित मतदाता के घर जाकर वोटर कार्ड दिया जायेगा।

---

निर्वाचन आयोग, आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और सेवारत मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करेगा। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और मानक विकलांगता वाले मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से वोट ड़ाल सकते हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

वृद्धजन, दिव्यांगजन और सेवारत मतदाता फॉर्म 12–डी के जरिए इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पाँच दिन के भीतर इस फॉर्म बूथ स्तरीय अधिकारी द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर को जमा कर सकते हैं। मतदान की तिथि पर आवश्यक सेवाओं से जुड़े मतदाता अपने संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी के माध्यम से इस सुविधा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयोग ने कहा कि अग्निशमन सेवा, स्वास्थ्य, बिजली, यातायात, एम्बुलेंस सेवा, विमानन और लंबी दूरी की सरकारी सड़क परिवहन निगम जैसी आवश्यक सेवाएँ इस सुविधा के अंतर्गत आती हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत मतदान के दिन की गतिविधियों को कवर करने वाले मीडियाकर्मियों को भी आवश्यक सेवाओं से जुड़े मतदाताओं की श्रेणी में शामिल किया गया है। ऐसे मीडियाकर्मी भी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। समाचार कक्ष से डॉक्टर सविता पारीक।

---

उत्तर बिहार की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के बाद विभिन्न तटबंधों पर दबाव बढ़ गया है। वहीं, कई स्थानों पर जलस्त में कमी के बाद कटाव शुरू हो गया है। पश्चिम चम्पारण जिले के मझौलिया में कोहड़ा नदी के उफान के कारण गोपीखाड़ बांध दो स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने से कई इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इधर, बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से मुजफ्फरपुर शहर के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। दरभंगा जिले के चार अंचल, किरतपुर, कुशेश्वर स्थान पूर्वी, गोराबौराम और घनश्यामपुर के इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।

दूसरी तरफ, शिवहर जिले में बागमती के जलस्तर में धीरे–धीरे कमी आने से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति में सुधार होने लगा है। लेकिन जलस्तर में कमी आने के साथ ही बागमती नदी के दोनों किनारों पर कटाव शुरू हो गया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

जिले में बागमतीन नदी का जलस्तर में कमी आने किनारों पर तेजी से कटाव हो रहा है। इससे उपजाउ जमीन नदी की धारा में विलीन होती जा रही है। नदी के बेलवा घाट से लेकर डुब्बा घाट तक दोनों बागमती तटबंध के अंदर नदी किनारों पर कटाव हो रहा है। धान के रोपे पौधे के अलावा, केला, बांस, शीशम और सेमल के पौधे कटाव से नदी की धारा में विलीन होते जा रहे है। खासकर बागमती पुल के पूर्वी उतरी भाग में और पिपराही, रतनपुर तथा उकनी गांव के सीमा क्षेत्र में दक्षिणी भाग में नदी किनारों पर कटाव तेज होने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

---

विशेष निगरानी इकाई ने आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में दरभंगा में तैनात भवन निर्माण विभाग के विद्युत कार्यपालक अभियंता प्रणव कुमार के छह ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान दरभंगा, भागलपुर और पटना में कई भू–खंडों के दस्तावेजों के साथ नकद और आभूषण जब्त किये हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने एनडीए और महागठबंधन में सीटों के बंटवारे से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– एनडीए –महागठबंधन में सीटों पर रार। घटक दलों के नेता सोशल मीडिया पर दावे और इरादे कर रहे है जाहिर।

इसी खबर को दैनिक भास्कर ने अपनी पहली लीड बनाते हुये लिखा है– पटना में गांठ, दिल्ली में बंधन। जीतन राम मांझी बोले दे दो केवल पन्द्रह ग्राम, रखो अपनी धरती तमाम। चिराग पासवान ने कहा–जीना है तो मरना सीखो, कदम–कदम पर लड़ना सीखो।

प्रभात खबर ने निर्वाचन आयोग के हवाले से लिखा है– बिहार से जुड़े नीतिगत फैसलों के लिए केन्द्र सरकार भी आचार संहिता के दायरे में।

आज अखबर की सुर्खी है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल से चुनावी अभियान पर निकलेंगे। हर दिन चार चुनावी सभा करेंगे।

दैनिक जागरण का शीर्षक है– सुप्रीम कोर्ट ने कहा– दस लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में फुटपाथों का होगा सुरक्षा ऑडिट।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और गठबंधन के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर गतिरोध जारी।

02. छह नवम्बर को एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना। प्रत्याशी सत्रह अक्टूबर तक कर सकेंगे नामांकन।

03. प्रदेश के नये मतदाताओं को आज से डाक के माध्यम से मिलेंगे वोटर कार्ड। पन्द्रह दिनों के भीतर वोटर कार्ड बांटे जाने का लक्ष्य।

04. और, उत्तर बिहार की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के बाद विभिन्न तटबंधों पर दबाव बढ़ा। पश्चिम चम्पारण जिले में कोहड़ा नदी पर गोपीखाड़ बांध दो स्थानों पर क्षतिग्रस्त।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।